कार्यालयः- जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर

क्रमांक- स्था०/2026/230 दिनांक- 19/11/2026

**-: आदेश :-**

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक स्था./2026/203 दिनांक 26.10.2026 से न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश (अ.जा./अ.ज.जा.), धौलपुर में लंबित 100 नियमित सेशन प्रकरण एवं उनसे संबंधित 04 विविध प्रकरणों को न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश (डकैती प्रभावित क्षेत्र), धौलपुर में अन्तरित किया गया था।

उक्त आदेश के साथ संलग्न सूची में क्रम संख्या-01 पर अंकित एसटी 22/2026 सरकार बनाम अंश छारी व क्रम संख्या 59 पर अंकित एसटी 47/2023 सरकार बनाम निरपाल से संबंधित क्रॉस केस अ.जा./अ.ज.जा. एक्ट के होने से एवं क्रम संख्या-04 पर अंकित एसटी 108/2025 सरकार बनाम रेखसिंह उर्फ रेखू व क्रम संख्या-35 पर अंकित एसटी 95/2024 सरकार बनाम हरिओम विशेष सेशन प्रकरण अ.जा./अ.ज.जा. एक्ट के होने से उक्त प्रकरणों को न्यायालय से अन्तरित नहीं करने एवं उन प्रकरणों के स्थान पर 05 निम्न प्रकरणों को अन्तरित करने हेतु विशिष्ठ न्यायाधीश (अ.जा./अ.ज.जा.), धौलपुर का पत्रांक 558 दिनांक 18.11.2026 इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

मैं, **संजीव मागो, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित-2023 की धारा 448 (दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 408) **में प्रदत्त शक्तियों** के तहत आदेश स्था./2026/203 दिनांक 26.10.2026 के साथ संलग्न सूची के क्रम संख्या 01, 04, 35 व 59 पर अंकित प्रकरणों को विशेष सेशन प्रकरण अ. जा./अ.ज.जा. एक्ट के प्रकरण होने के कारण उन्हें वापस न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश (अ.जा./अ.ज.जा.), धौलपुर में एवं न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश (अ.जा./अ.ज.जा.), धौलपुर में लंबित निम्न 05 सेशन प्रकरणों को न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश, डकैती प्रभावित क्षेत्र, धौलपुर में विधिवत् सुनवाई एवं निस्तारण हेतु अन्तरित करता हूँ।

| क्र.सं. | प्रकरण संख्या | वउनवान | दर्ज दिनांक | आगामी तारीख पेशी |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 117/2022 | सरकार/होतम सिंह | 19.10.2022 | 19.12.2026 |
| 02. | 120/2022 | सरकार/भीमसैन | 19.10.2022 | 01.12.2026 |
| 03. | 97/2022 | सरकार/राघवेन्द्र उर्फ दीपू | 01.08.2022 | 21.11.2026 |
| 04. | 98/2022 | सरकार/विजय सिंह | 01.08.2022 | 17.11.2026 |
| 05. | 89/2022 | सरकार/लालो उर्फ देवेन्द्र वगैरह | 15.07.2022 | 26.11.2026 |

इस न्यायालय की पत्रावली को आवश्यक इंद्राजात कर पक्षकारान् को सूचित करते हुए अन्तरिती न्यायालय में भिजवाया जावे।

**(संजीव मागो)**
**जिला एवं सेशन न्यायाधीश**
**धौलपुर**

क्रमांक- स्था०/2026/3909-3912 दिनांक- 19/11/2026

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ निम्न को प्रेषित है:-

1. विशिष्ठ न्यायाधीश (अ.जा./अ.ज.जा.)/(डकैती प्रभावित क्षेत्र), धौलपुर
2. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ, धौलपुर
3. सिस्टम असिस्टेंट को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
4. आदेश/संबंधित पत्रावली

**जिला एवं सेशन न्यायाधीश**
**धौलपुर**